सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - १८ सोमवार – १४/१०/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा

भारत की ओर से जैसे ही यह स्पष्ट किया गया कि शांघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे, दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की अटकलें लगाई जाने लगीं। दिलचस्प है कि इस फैसले को भारत–पाक रिश्तों के संदर्भ में ज्यादा देखा जा रहा है, जबकि यहशांघाई सहयोग संगठ को भारत द्वारा दी जा रही अहमियत का भी उतना ही संकेत है।

भावनात्मक करीबी – इसके पीछे दोनों पड़ोसी देशों के खट्टे–मीठे रिश्तों के बीच भी एक–दूसरे से भावनात्मक करीबी की भूमिका देखी जा सकती है। दोनों देशों में युद्ध हुए हैं और रिश्तों ने गिरावट की इंतिहा देखी है तो दोनों के बीच दोस्ती के दौर भी आते रहे हैं। लेकिन किसी भी सूरत में दोनों देशों के लोग एक–दूसरे से उदासीनता की स्थिति में नहीं पहुंचे। यही वजह है कि करीब एक दशक के अंतराल के बाद जब किसी भारतीय विदेश मंत्री के पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम बनता दिखा तो कई कोनों से उत्साह छलकने लगा।

मौजूदा सूरते हाल में इस तरह के उत्साह को व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। शायद इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने देर किए बगैर स्पष्ट किया कि वह एक बहुपक्षीय संगठन की बैठक में शिरकत करने जा रहे हैं और वहां भारत–पाक रिश्तों पर कोई बातचीत नहीं करने वाले। याद रखना होगा कि यह SCO की शिखर बैठक है और सामान्य स्थिति में इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद होती। द्विपक्षीय रिश्तों की बदहाली ही कहिए कि पीएम की जगह एक सीनियर मंत्री का जाना भी पॉजिटिव सिग्नल माना जा रहा है। भारत इस तथ्य को समझ रहा है कि मौजूदा वैश्विक हालात में ँब जैसे एक अंतरराष्ट्रीय मंच के बेहतरीन इस्तेमाल का मौका किन्हीं दो देशों के आपसी रिश्तों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। यह एशियाई देशों का ऐसा मंच है, जो सुरक्षा से जुड़े मुद्दे देखता है। रूस–यूक्रेन युद्ध और अमेरिका–चीन व्यापार युद्ध के चलते हाल के वर्षों में अमेरिका से रूस और चीन के रिश्तों में आई खटास किसी से छिपी नहीं है।

## मंत्री पटेल के बेट ने पुलिसकर्मी को दी वर्दी उतरवाने की धमकी !



मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे प्रबल पटेल का पुलिस से बदसलूकी करने और वर्दी उतरवाने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

इन दोनों ही घटनाओं के वीडियो भी सामने आए हैं। मध्यप्रदेश में बीते 4 दिन में पुलिस से नेताओं के परिजन के विवाद की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 11 अक्टूबर को कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के भतीजे और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह के बेटे आदित्य विक्रम सिंह ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता की थी।

जबलपुर में पुलिसकर्मियों से धक्का–मुक्की करता दिखा प्रबल पटेल पुलिस के अनुसार, मंत्री प्रहलाद पटेल का बेटा प्रबल पटेल बिना नंबर की कार चला रहा था। उसकी गाड़ी लेबर चौक पर एक डॉक्टर की गाड़ी से टकरा गई। आरोप है कि प्रबल ने डॉक्टर से बदसलूकी की। हंगामा होता देख स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई।

## देश को नम कर गए पद्मभूषण सम्मानित विनम्र,दयालु रतनटाटा मोदी,अंबानी, सलमान ने जताया दु:ख

*८६ वर्षीय रतनटाटा उम्र सम्बधीत बिमारीयो से पीडीत थे।*



मशहूर उद्योगपति पद्मभूषण रतन टाटा का बुधवार रात मुंबई में देहांत हो गया। 86 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। रतन टाटा उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे और समय–समय पर इसी अस्पताल में उनका इलाज होता था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर रतन टाटा के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा, रतन टाटा जी एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक

गया। अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण वे सभी के प्रिय बन गए थे।सलमान खान और अजय देवगन से लेकर प्रियंका चोपड़ा और अनुष्का शर्मा तक कई बॉलीवुड सितारों ने सोशल मीडिया पर रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवंगत रतन टाटा की एक तस्वीर साझा की और लिखा, – श्री रतन टाटा के देहांत खबर से बहुत दुखी हूं। वे वास्तव में भारत के एक प्रतीक और ताज थे।

## जम्मु के डोडा में केजरीवाल की धन्यवाद रैली l

*अब ७ राज्यो में AAP के विधयक ।*

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज 13 अक्टूबर को जम्मू–कश्मीर के डोडा में धन्यवाद रैली करेंगे। रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। पहले यह 10 अक्टूबर को होनी थी। हालिया विधानसभा चुनाव में डोडा सीट से ।।के मेहराज मलिक ने जीत हासिल की थी। जीत के बाद केजरीवाल ने 8 अक्टूबर को मलिक से वीडियो कॉल पर बधाई दी थी। इसी दौरान मलिक ने केजरीवाल को डोडा आने का न्योता दिया था और केजरीवाल ने उसने आने का वादा भी किया था।

लेकिन 9 अक्टूबर को AAP के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक्स पर जानकारी दी कि आचार संहिता की वजह से कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

## अमरावती पुर्व सांसद नवनीत राणा को गैंगरेप की धमकी , फिरोती व अपत्तिजनक शब्दो का लेटर l

*धमकी भरे लैटर मे राणा के खिलाफ अपत्तिजनक शब्द कहे*



महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसदऔर भाजपा नेता नवनीत राणा

को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में नवनीत को गैंगरेप की धमकी दी गई है। साथ ही कहा कि उनके घर के सामने गाय को काटा जाएगा।

पत्र भेजने वाले ने खुद का नाम आमिर बताया है। उसने 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी है। साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद भी लिखा। आरोपी ने लेटर में अपना फोन नंबर भी लिखा है। लेटर में नवनीत राणा को लेकर कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही उनके पति रवि राणा के लिए अभद्र बातें लिखी गईं। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने राजापेठ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस की मालगाडी से टक्कर



तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में बीती रात मैसूर–दरभंगा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रेन के 13 कोच पटरी से उतर गए। हादसा तमिलनाडु के कावरापेट्टई स्टेशन के पास हुआ। हादसे के कारण ट्रेन में आग लग गई। राहत और बचाव कार्य जारी है। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। 19 यात्री घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या - बुलेट प्रूफ कार पर 6 राउंड फायरिंग, 3 गोलियां सीने में लगीं l

मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें सीने में तीन गोलियां लगी थीं। रात करीब 9.30 बजे उन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। मुंबई पुलिस ने हत्या के मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल 9.9 एमएम पिस्तौल भी बरामद कर ली है। बताया गया है कि हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी को मारने के लिए छह राउंड फायरिंग की। इसमें 3 गोलियां उनके सीने में लगीं। उनकी कार बुलेट–प्रूफ होने के बावजूद गोली शीशे के पार घुस गई।

## कॉंग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडगे ने बीजेपी को आतंकवादियो की पार्टी बताया l

*पीएम को हमे (कॉंग्रेस) को अर्बन नक्सल कहने का हक नही खरगे*



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा को आतंकवादियों की पार्टी कहा है। खड़गे शनिवार को न्यूज एजेंसी से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का जवाब दे रहे थे, जिसमें पीएम ने कांग्रेस को अर्बन नक्सल पार्टी कहा था। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी की आदत है कि वो हमेशा कांग्रेस को अर्बन नक्सल पार्टी बताते हैं, लेकिन उनकी पार्टी क्या है? भाजपा आतंकवादियों की पार्टी है, जो लिंचिंग में शामिल रहती है। मोदी को ऐसे आरोप लगाने का हक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र का दौरा किया था, इस दौरान उन्होंने ठाणे में कहा था, कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एक ही मिशन है– बांटो और सत्ता में रहो। कांग्रेस को अर्बन नक्सल गैंग चला रहे हैं। वह देश विरोधियों के साथ खड़ी है।

## आर्मी चीफ ने असम में लॉन्च किया अग्नि अस्त्र l

आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने असम के गंगटोक में 11 अक्टूबर को पोर्टेबल मल्टी–टारगेट डेटोनेशन डिवाइस श्अग्नि अस्त्रश लॉन्च किया। वे आर्मी कमांडर कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए थे। इस डिवाइस की मदद से कई टारगेट को एक साथ निशाना बनाया जा सकता है। इसे मैनुअली और रिमोटली यानी ड्रोन के जरिए टारगेट पर इंस्टॉल किया जा सकता है। इंजीनियर कोर के मेजर राजप्रसाद ने इसे बनाया है। उन्हें इस साल की शुरुआत में 19 मार्च को इसका पेटेंट मिला था। डिवाइस को WEDC के नाम से भी जाना जाता है।

## बाल आयोग ने सभी राज्यो को पत्र लिखकर मदरासो को दी जाने वाले फंडिंग बंद करने का कहा l

*आयोग ने कहा मदरसो का फोकस धार्मिक शिक्षा पर बैसिक पर नही*

बाल आयोग बोला– मदरसों की फंडिंग बंद करेंरूइनका फोकस धार्मिक शिक्षा पर, बेसिक शिक्षा नहीं मिल रही; मिड–डे मील, ड्रेस और किताबें नहीं देते राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों को लेटर लिखकर कहा है कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट–टु–एजुकेशन नियमों का पालन नहीं करते हैं। आयोग ने आस्था के संरक्षक या अधिकारों के विरोधीरू बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे नाम से एक रिपोर्ट तैयार करने के बाद ये सुझाव दिया है।

NCPCR ने कहा– मदरसों में पूरा फोकस धार्मिक शिक्षा पर रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती और वे बाकी बच्चों से पिछड़ जाते हैं।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# नीमच कलेक्टर चन्द्रा ने कि निवेशको से चर्चा नीमच मे निवेश की अपार सम्भावनाएँ

## नीमच में झाँझरवाडा व बामनबर्डी में है औद्योगिक भुखण्ड



नीमच 10 अक्टूबर 2024, नीमच जिले के औद्योगिक निवेश के लिए उद्योग विभाग के पास पर्याप्त भूमि एवं भूखण्ड औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध्ध है। टेक्सटाईल उद्योग, मसाला उद्योग, फूड प्रोसेसिंग उद्योगो की स्थापना के लिए जिले में सुविधाएं उपलब्ध है। निवेशक जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने और निवेश के लिए आगे आए। उन्हें शासन द्वारा हर सम्भ्भव सहयोग किया जावेगा। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में उद्योगपतियों, उद्योग संघपदाधिकारियों, व्यापारियों, व्यवसाईयों और अधिकारियों की बैठक में चर्चा करते हुए कही। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिह मौरेसहित कृषि, उद्यानिकी, मण्डी, एम.पी. आई.डी.सी. सहित अन्य अधिकारी, उद्योग संघ अध्यक्ष श्री अशोक चौरडिया भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा, कि मनासा क्षेत्र के देवरी खवासा में टेक्सटाईल उद्योग के लिए पर्याप्त जमीनएवं पानी की सुविधा उपलब्ध्ध है। झांझरवाड़ा व बामनबर्डी के औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड उपलब्ध है। कलेक्टर ने उपस्थित निवेशकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों से चर्चा में कहा, कि वे महाप्रबंधक उद्योग एवं एमपीआईडीसी के अधिकारियों के साथ चर्चा कर, उपलब्ध्ध औद्योगिक भूखण्डों के बारे में भी जानकारी लेकर नवीन उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आएं। शासन, प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग किया जावेगा तथा सुविधाएं मुहैया करवाई जावेगी। अभिमन्यु के

बैठक में आगामी दिनों में जिला स्ध्तर पर औद्योगिक विकास एवं नवीन उद्योग स्थापित करने के संबंध में प्रस्तावित कार्यशाला के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इस कार्यशाला में समीपस्थ जिलों के निवेशकों, राज्य स्तरीय कलस्टरों के निवेशकों, प्रगतिशील किसानोंऔर मण्डी यापारियों को नवीन उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला में आमंत्रित करने के संबंध में चर्चा की गई।

## कलेक्टर एवं एस.पी. ने दी दशहरें की शुभकामनाएं

नीमच 11 अक्टूबर 2024, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने जिलेवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी है। कलेक्ध्टर एवं एस.पी. ने दशहरा पर्व को असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक बताते हुए, प्रेम भाईचारे की भावना के साथ यह त्यौहार मनाने की अपील की है। कलेक्टर एवं एस.पी. ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, अधिकारियों–कर्मचारियों और जिले के सभी नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## सांसद व विधायकगणों ने दी दशहरें की शुभकामनाए

नीमच 11 अक्टूबर 2024, क्षेत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ध्ता, पूर्व मंत्री एवं विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीपसिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूध्द मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्ध्जनसिह चौहान ने जिलेवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। जनप्रतिनिधियों ने दशहरा पर्व को बुराईयों पर अच्ध्छाईयों की विजय का प्रतीक बताते हुए, आपसी प्रेम भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से दशहरा पर्व मनाने का आव्हान करते हुए सभी को बधाई दी है।

## विजयादशमी पर नीमच पुलिस लाइन में शस्त्र पुजा



विजयदशमी पर्व पर नीमच पुलिस लाइन कनावटी शनिवार को में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया । सांसद श्री सुधीर गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एसपी श्री अंकित जायसवाल ने वैदिक मंत्रोंचार के साथ शस्त्र पूजन किया।

## जिले में हाईड्रोपोनिक से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करें- श्री चंद्रा

### कलेक्टर ने आत्मा गर्वनिंग बोर्ड की बैठक में दिए निर्देश



नीमच 10 अक्टूबर 2024, आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में आत्मा योजनांर्तगत खरीफ की प्रगति से अवगत कराया तथा आगामी रबी हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई।

बैठक में परियोजना संचालक आत्मा ने खरीफ में आयोजित प्रशिक्षणों के परिणामों के बारे में बताया, कि गंधक एवं जिंक की जिले में कमी है, जिसकी पूर्ति करने से उपज में बढ़ोतरी होती है। बैठक में गेहूं की नई किस्म एचआई 1634पूसा अहिल्या पर प्रदर्शन आयोजित करने के बारे में अवगत कराया। जिले में लहसून और गेहूं पर फार्म स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नवाचार के लिए पीटीजन फार्मिंग हेतु 300 कृषकों का चयन करने, ड्रोन से उर्वरक स्प्रे के लिए भी वातावरण निर्मित कर, किसानों को प्रेरित करने केउप संचालक कृषिको निर्देश दिए। कलेक्टर ने परियोजना संचालक आत्मा को हाईट्रोपोनीक से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केंद्र, पशुपालन, आत्मा बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित थे।

# नवरात्री की महाअष्टमी को भादवा माँ के दरबार में बडी संख्या में भक्तों ने किए दर्शन l

## प्रतिवर्ष नवरात्री पर भादवामाता के दरबार मे पैदल जाते है भक्त



मालवा की वैष्णो देवी भादवा माता के दरबार में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। नीमच – मनासा मार्ग से पैदल यात्रा कर हजारों श्रद्धालु मां भादवा के दरबार में पहुंचे, जिनका अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर सेवाभावी संगठनों और नागरिकों ने जलपान आदि से स्वागत किया। इस बार महाष्टमी के अवसर पर करीब करीब 70 हजार से अधिक भक्तों ने भादवा माता के दर्शन किए।

दरअसल इस बार अष्टमी 2 दिन गुरुवार और शुक्रवार अलग–अलग दिन पर लोगों ने मनाई। जिसके चलते भीड़ कम देखी गई। अश्विन नवरात्रि की महाअष्टमी पर माता के दर्शन करने के लिए भक्त पैदल, कार, बस और बाइक से माता के दरबार में पहुंचे। जिसके कारण भादवा माता मंदिर से लेकर बगीचे तक लोगों की लंबी–लंबी कतारें लगी रही।

पैदल भादवामाता पहुंच रहे श्रद्धालुओं को देखते हुए पूरे मार्ग के साथ–साथ भादवामाता मंदिर परिसर में भी पुलिस और प्रशासन के द्वारा तमाम इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कैंप के साथ–साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। (डीबी एप्प से )

# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष में समिक्षाl



नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिलें में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था रखने सभी अधिकारी रखे विशेष सतर्कता पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा दिनांक 08.10.2024 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की ली समीक्षा बैठक।

आगामी त्यौहारों नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिलें में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को पूर्णतः सावधानी बरतने दिये निर्देश।

नवरात्रि पर्व के दौरान मुर्ती विसर्जन स्थलों पर रखे पूर्णतः सुरक्षा व्यवस्था।नवरात्रि पर्व के दौरान वर्तमान में लग रहे मेलो के दौरान पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगवाना सुनिश्चित करें।दशहरा पर्व के दौरान रावण दहन के स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगवाना सुनिश्चित करें।दशहरा पर्व के दौरान निकलने वाले पथ संचलनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था करें सुनिश्चित।फटाखों के भंडारण स्थलों की करें चौकिंग एवं अवैध फटाखा भंडारण स्थलों पर करे वैधानिक कार्यवाही।दिपावली पर्व के दौरान लगने वाली फटाखा दुकानों के स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित निकाय से समन्वय कर सुरक्षा व्यवस्था करें सुनिश्चित। दिवाली पर्व के दौरान लगने ाली फटाखा दुकानों के बिच निर्धारित मापदण्ड़ों के अनुरूप संबंधित निकाय से समन्वय कर दुरी रखवाना सुनिश्चित करें। अवैध फटाखा दुकानों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।ोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति के साथ साथ ग्रुप एडमिन की जिम्मेदारी भी तय कर प्रकरण में आरोपी बनाया जावेंगा। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ घटित छेड़छाड़ व बलात्कार की घटनाओं में लिप्त आरोपियों के विरूद्व करें कठोर कार्यवाही। महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरती जाकर अपराधों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें।

अभियान "मै भी अभिमन्यु" के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें। आसामाजिक तत्वों एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तथा सांप्रदायिक सोहार्द बिगाड़ने की शोहरत वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करवाऐं। थाना प्रभारी स्कुल बसों एवं वेन की संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर नियमित जांच कर चालकों एवं परिचालकों का वेरिफिकेशन करवाना सुनिश्चित करें।थाना प्रभारी यातायात काली फिल्म लगे वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी लगातार अपने क्षैत्र में भ्रमण करें तथा संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पिकेट आवश्यक रूप से लगावें। थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी स्वंय रात्रि में क्षेत्रों में लगने वाली गश्त को प्रभावी रूप से करवाना सुनिश्चित करें।लम्बे समय से फरार आरोपियों की गिरफतारी सुनिश्चित करें। म्पत्ति संबंधी अपराधों एवं वाहन चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाए अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।22– एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में थाना प्रभारी पूर्णतः पारदर्शिता बरते एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित प्रत्येक कार्यवाही की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप सेथाना प्रभारीगण थाना क्षेत्रों में जुआं, सटट्ा एवं अवैध शराब विक्रय पर पूर्णतः अंकुश लगावें। स्थाई, फरारी एवं गिरफ्तारी वारंटो की तामिली अधिक से अधिक किये जाने संबंधी प्रयास करें। सम्पत्ति संबंधी अपराधों एवं वाहन चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाए अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच अभिषेक रजंन (भापुसे), अअपु मनासा विमलेश उईके, अअपु जावद श्रीमति निलेश्वरी डाबर, जिलें के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्टेंनो शाखा, रीडर शाखा, स्थापना शाखा, जिला विशेष शाखा, सायबर सेल, ओएम शाखा के प्रभारी उपस्थित रहें।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

# छोटा बेटा ही निकला उज्जैन पुर्व पार्षद का हत्यारा एक घण्टे में बनी योजना।

चाल चलन ठीक नही होने से 13 साल की उम्र से ही घर से निकाला हत्यारे बेटे को



उज्जैन में कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू (60) की हत्या छोटे बेटे ने 12 बोर की बंदूक से गोली मारकर की थी। उस समय कलीम खान सो रहे थे। हत्या के बाद छोटे बेटे दानिश का बंदूक लेकर भागते हुए

सीसीटीवी फुटेज सामने आया है – घटना के बाद से दानिश और उसका दोस्त सोहराब फरार हैं। हत्याकांड में शामिल उसकी मां नीलोफर, बड़े भाई आसिफ, दोस्त जावेद और इमरान को शुक्रवार देर शाम तक ही गिरफ्तार कर लिया गया था। कलीम शहर के नीलगंगा की वजीर पार्क कॉलोनी में रहते थे। उनका शव शुक्रवार सुबह 4.30 से 5 बजे के बीच खून से लथपथ हालत मिला था। उनके सिर में गोली लगी थी।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हाजी कलीम खान ने छोटे बेटे दानिश को उसके चाल–चलन की वजह से 13 साल की उम्र में ही घर से निकाल दिया था। तब से वह अपने ननिहाल इंदौर में रह रहा था था। 5 महीने पहले उज्जैन आया था।

# सोशल मीडिया पर फ्रॉड से बचने के लिए सोशल सिक्योरिटी जरूरी – मंत्री सुश्री भूरिया

*भोपाल के टीआईटी कॉलेज में शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत हुआ जागरूक कार्यक्रम*



महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भोपाल के टीआईटी कॉलेज में श्शक्ति अभिनंदन अभियानश अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को सायबर सिक्योरिटी एवं सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर आयोजित जागरूक कार्यक्रम में सहभागिता की और वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों को जागरूक किया।

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में समाज में बच्चों व स्टूडेंट्स के सामने सोशल मीडिया पर बहुत सी चीजें आती हैं। जागरूकता कार्यक्रमों से उनमें इतनी समझ विकसित करनी होगी कि वे ये समझ पाये कि उन्हें किस तरह की जानकारी, फोटो व वीडियो देखने चाहिए।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं को सायबर सिक्योरिटी एवं सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें पुलिस विभाग की सायबर सेल एक्सपर्ट द्वारा कॉलेज की छात्राओं, बिजनेसमैन व वूमेन, संवाद दादी–नानी सम्मान, मानसिक स्वास्थ्य विषय पर संवेदी कार्यशाला, सेफ्टी वॉक, विकास में महिला भागीदारी जैसे विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस विभाग के साथ स्वयं सेवी संगठन भी सहभागिता निभा रही है।

कार्यक्रम में टीआईटी कॉलेज के संचालक डॉ अरुण कुमार पांडे, संयुक्त संचालक श्रीमती नकीजहाँ कुरैशी, प्रशिक्षक श्री विकास नरवरिया सहित कालेज प्रबंधन के शिक्षक व छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# संपदा–20 ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन में डिजिटल क्रांति का माइलस्टोन – मुख्यमंत्री डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया डिजिटल इंडिया मिशन अब कल्पवृक्ष की तरह आमजन की हर जरूरत पूरी कर रहा है। जीरो बैलेंस खाता, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और ई– रजिस्ट्री जैसे नवाचार ने सभी का जीवन सरल और सुगम बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी कड़ी में मध्यप्रदेश में नवीन तकनीक पर आधारित ष्संपदा–2.0ष का नवाचार ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन में डिजिटल क्रांति का माइलस्टोन बनेगा। इस नवाचार को पूरा देश फॉलो करेगा। पहले प्रदेश में दस्तावेज पंजीयन और अन्य कार्यों के लिए कार्यालय आना पड़ता था लेकिन पोर्टल और ऐप के माध्यम से सभी लोग घर से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में ई–रजिस्ट्री और ई–पंजीयन के नवीन प्रणाली पर विकसित ष्संपदा–2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश को 2 नए महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। इसमें 120 शहरों के जीआईएस कार्य को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आईटी विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में जीआईएस लैब स्थापित करने जा रहे हैं। इसका लाभ प्रदेश को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत उन्नति कर रहा है। आईटी में नवाचार के साथ मध्यप्रदेश सरकार पेपरलेस सिस्टम की दिशा में कदम बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ष्संपदा–2.0ष की खूबियां बताते हुए कहा कि ष्संपदा–2.0ष उन्नत तकनीक पर आधारित सॉफ्टवेयर है। इसमें राजस्व वित्त विभाग और नगरीय प्रशासन के साथ जीएसटी और युनिक आईडी आधार से भी इंटीग्रेटेड किया गया है। जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन दर ऐप में लोकेशन के माध्यम से मालूम हो सकेगी। सॉफ्टवेयर से संपत्ति की जीआईसी मैपिंग होगी, बायोमैट्रिक पहचान और दस्तावेजों की फॉर्मेटिंग भी होगी। दस्तावेजों के पंजीयन के लिए व्यक्तिगत मौजूदगी की जरूरत नहीं होगी। घर बैठे ही दस्तावेज सत्यापन और पंजीकरण हो सकेगा। दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी व्हाट्सएप और ईमेल से आवेदक को प्राप्त होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने माँ अंबे की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के कल्याण की मंगल कामना की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुर्गा अष्टमी के अवसर पर उज्जैन के जयसिंहपुरा में देवी पंडाल पहुंचे। उन्होंने माँ अंबे की प्रतिमा की विधिवत पूजा–अर्चना और आरती कर प्रदेशवासियों के कल्याण की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी प्रकार दशहरे पर्व पर भी आनंद बरसे। सभी त्यौहारों पर माँ अंबे का आशीर्वाद बना रहे। इस दौरान विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री विवेक जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# जबलपुर में बहन के साथ छेड़छाड़ व अपशब्द कहने पर कर दी हत्या

आरोप में उसी के गांव के आनंद सिंह (१६) को गिरफ्तार किया गया है।

कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपी ने बहन के साथ छेड़खानी करने पर हत्या की है। पुलिस ने उसके पास से लोहे का हथियार भी बरामद कर लिया है, जिससे उसने अरुण की हत्या की। बीए फाइनल ईयर का छात्र अरुण 1 अक्टूबर की रात घर से निकला था। परिवार ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 8 अक्टूबर को शव मिला था।

अरुण के पिता पूरन सिंह बेटे की तलाश कर रहे थे, 8 अक्टूबर को गांव के लोगों ने पुलिस को बताया कि थूहा पड़रिया तालाब के पास से बदबू आ रही है। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय घटनास्थल पर पहुंचीं। शव की शिनाख्त अरुण के रूप में हुई।

थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि 1 अक्टूबर को गांव के हनुमान मंदिर में अरुण, आनंद और राघवेंद्र मोबाइल पर गेम खेल रहे थे। यहां शाम को गांव के ज्यादातर लोग जुटते हैं। रात 10 बजे एक लड़की का कॉल आने पर अरुण उससे बात करने लगा। आनंद और राघवेंद्र यहां से घर चले गए। लेकिन, प्लान के मुताबिक, आनंद अपने घर से बोरिंग वाला पाना लेकर आया। अरुण तालाब किनारे बैठा था, तभी उसने उसके सिर पर वार किए और भाग निकला।

दो साल पहले दोनों अच्छे दोस्त हुआ करते थे – आरोपी आनंद ने बताया कि अरुण उर्फ अन्नू कई लड़कियों से बातचीत करता था। आनंद बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। उसकी पहले अरुण से अच्छी दोस्ती थी। 2 साल पहले दोनों में विवाद हुआ था, तभी से अरुण और आनंद सिंह लोधी की आपस में बातचीत कम होती थी। कुछ दिन पहले अरुण सिंह ने आनंद की बहन को लेकर

# नौकरी देने वाले बने युवा – राज्य मंत्री कृष्णा गौर

*राज्य मंत्री ने स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया*



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि युवा पढ़–लिखकर नौकरी माँगने के स्थान पर नौकरी देने वाले बनें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर गुरूवार को पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ा में स्टार्स (स्ट्रैंथनिंग टीचिंग लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित कौशल प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि नई शिक्षा नीति से पहले केवल पढ़ने पर जोर दिया जाता था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नई शिक्षा नीति दी और नई शिक्षा नीति में पठन–पाठन के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ व्यावसायिक ज्ञान भी दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में बच्चों के कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। पढ़ाई के साथ व्यवहारिक और वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त कर नई पीढ़ी अत्म–विश्वास के साथ आगे बढ़ेगी और अत्म–निर्भर बनेगी। यह पीढ़ी नौकरी माँगने वाली नहीं, नौकरी और रोजगार देने वाली बनेगी।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि स्टॉर्स प्रोजेक्ट के माध्यम से स्कूली शिक्षा के पठन–पाठन और परिणाम के सुदृढ़ीकरण के लिये किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा संचालित जिले के विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सीखी गई स्किल पर आधारित मॉडल और चाट्र्स प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये हैं। वर्षा, मौसम विज्ञान, कृषि, बिजली, सिटी प्लॉनिंग, मशीनरी, इलेक्ट्रिक उत्पादन, इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और ऐसे अनेकों दैनिक उपयोग में आने वाले विभिन्न आवश्यकताओं पर आधारित मॉडल को प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया है। विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों द्वारा तैयार किये गये मॉडल अद्भुत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का अवलोकन कर मैं संतुष्ट हूँ और इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये मॉडल भविष्य की वैज्ञानिक पीढ़ी की सफलता की गारंटी सुनिश्चित करते हैं। यह मॉडल विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता के बाद चयनित किये गये हैं। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों, जिन्होंने मॉडल तैयार किये हैं, उन्हें शुभकामनाएँ देती हूँ।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)
https//:sbpatra.in
पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## बांग्लादेश में माँ के मन्दीर मे मुकुट चोरी जेशोरेश्वरी मंदिर के सीसीटीवी मे हुआ चौर कैद पर पकड से दुर।

*भारत ने बांग्लादेश उच्चाआयोग का तलब किया ओर जताई अपत्ति*



बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया है। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को सामने आया।
पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था। मोदी की ये यात्रा कोविड–19 के बाद किसी देश की पहली यात्रा थी।टी–शर्ट के अंदर से मुकुट छुपाकर भागा चोर मंदिर से मुकुट चोरी के सीसीटीवी वीडियो में जींस और टी–शर्ट पहने एक लड़का मंदिर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है। मुकुट को उठाने के बाद वह उसे अपने टी–शर्ट के अंदर छिपा लेता है और फिर चोरी के बाद वह आराम से मंदिर से निकल जाता है।चोरी गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे से 2.30 बजे के बीच में हुई। मंदिर की सेवादार ने देखा कि देवी के सिर से मुकुट गायब था। इसके बाद श्यामनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। श्यामनगर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तैजुल इस्लाम ने कहा कि वे चोर की पहचान करने के लिए मंदिर के ब्ब्ज्ट फुटेज की जांच कर रहे हैं।

## बलूचिस्तान में चार दिन मे दूसरा आंतकी हमला, 20 की मौत

*बलुच कि कोयला खदान में रॉकेट और हैंड ग्रेनेड से अटैक*



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक प्राइवेट कोयला खदान पर आतंकी हमले में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, कुछ हमलावरों ने डूकी क्षेत्र में जुनैद कोल कंपनी की खदान पर हमला कर दिया।
इस दौरान उन्होंने रॉकेट और हैंड ग्रेनेड समेत कई आधुनिक हथियारो का इस्तेमाल किया। डूकी के डिस्ट्रिक्ट काउंसिल चेयरमैन खैरुल्लाह नासिर ने कहा कि हमलावरों ने 10 कोल इंजन और मशीनों में आग भी लगा दी। हमले में मारे गए लोग पाकिस्तान के अलग–अलग इलाकों से हैं।
इनमें से कुछ अफगानिस्तान के रहने वाले भी हैं। पुलिस और सिक्योरिटी फोर्स की टीम ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अब तक किसी भी विद्रोही या आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमले के बाद डूकी में कई जगह प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं।

## कम्युनिस्ट देश लाओस पहुंचे मोदी , बौद्ध भिक्षुओं ने स्वागत किया

*समिट में कहा- हम शांति प्रिय देश, २१वीं सदी हमारी है*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडिया–आसियान समिट में शामिल होने के लिए 2 दिन के दौरे पर गुरुवार को कम्युनिस्ट देश लाओस पहुंचे। मोदी ने इंडिया–आसियान समिट को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ८ मैंने भारत की एक्ट–ईस्ट नीति की घोषणा की थी।
पिछले एक दशक में इस नीति ने भारत और ASEAN देशों के संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। मोदी ने लाओस में भारत और रुनेई के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि भारत की 7 ASEAN देशों के साथ डायरेक्ट फ्लाइट कनेक्टिविटी है। प्रधानमंत्री ने कहा – मेरा मानना है कि 21वीं सदी इंडिया और ASEAN देशों की सदी है। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष और तनाव की स्थिति है, भारत और ASEAN की मित्रता, संवाद और सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पहले लाओस पहुंचने पर बौद्ध भिक्षुओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस की राजधानी वियनतियाने में लाओस की रामायण भी देखी

## ढाका में दुर्गा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका

बांग्लादेश के ढाका के तांतीबाजार में शुक्रवार रात को एक शख्स ने दुर्गा पंडाल में पेट्रोल बम फेंका, हालांकि यह बम फटा नहीं। पंडाल की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने जब बम फेंकने वाले शख्स को पकड़ने की कोशिश की तो कुछ अन्य लोग सामने आए और उन्होंने 5 लोगों पर चाकू से हमला किया।कोटयाली पुलिस ने कहा मामला चोरी की घटना से जुड़ा है। यहां बम फेंके जाने जैसा कुछ नहीं हुआ है।

## इस्ट इण्डीया समिट में मोदी , आसियान देशों में एकता बेहद जरूरी।

*इस सम्मेलन मे चीन अमेरीका भी शमिल हुआ।*



प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लाओस की राजधानी वियनतियाने में ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। यहां बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत हमेशा से ही आसियान देशों के बीच एकता को सपोर्ट करता रहा है। आसियान भारत के इंडो–पैसिफिक विजन और क्वाड को–ऑपरेशन के केंद्र में है।पीएम मोदी ने कहा, दुनिया भर में जारी अलग–अलग जंग का सबसे बुरा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है। ऐसे में दुनिया में शांति बहाल करना बेहद जरूरी है। मैं बुद्ध की धरती से आता हूं। हमने हमेशा यही कहा है कि यह जंग का युग नहीं है।

## इजराइल की बैरूत पर एयर स्ट्राइक 22 की मौत , सऊदी ,कतर बोले अटेक के लिए एयरस्पेस नही खेलेगे ।

*इलराइल ने सैन्ट्रल बैरूत में अब तक सबसे बडी स्ट्राईक कर*



इजराइल ने गुरुवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में एक इमारत पर हवाई हमले किए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमले में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 177 लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने हमले पर फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया है।
टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमले में हिजबुल्लाह के सीनियर सदस्य और कोऑर्डिनेशन यूनिट के चीफ वाफीक साफा को टारगेट किया। गया था। हालांकि, हमलों के बीच वह भागने में कामयाब रहा। यह सेंट्रल बेरूत में इजराइल की अब तक की सबसे बड़ी एयरस्ट्राइक रही है। इस हमले से कुछ घंटे पहले दक्षिणी लेबनान में इजराइली टैंकों ने U N की एक इमारत पर अटैक किया। इस हमले में न्छ पीसकीपिंग फोर्स के 2 सदस्य घायल हो गए।
ये दोनों इंडोनेशिया के नागरिक हैं। 1978 से लेबनान में तैनात के सदस्य यहां खतरों की निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने का काम करते हैं।

## ईरान पर पलटवारी की तैयारी में ईजराइल ईरान पर एसा हमला होगा की ईरान याद रखेगा।

*१ अक्टूम्बर को हुए हमले क बदले मे इलराइल का पलटवार*



इजराइल 1 अक्टूबर को हुए ईरानी हमले के पलटवार की तैयारी कर रहा है। ईरान पर किस तरह का हमला हो, ये तय करने के लिए नेतन्याहू की कैबिनेट में वोटिंग होगी। इससे पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार शाम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से फोन पर बातचीत की।
ये बातचीत करीब 30 मिनट तकचली। अगस्त के बाद पहली बार नेतन्याहू और बाइडेन की बीच बात हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें ईरान पर पलटवार को लेकर चर्चा की गई।
बाइडेन ने दोहराया कि इजराइल को अपनी सुरक्षा का पूरा अधिकार है। वहीं, व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत काफी सकारात्मक रही। जबकि, इससे पहले बाइडेन ने कहा था कि इजराइल को ईरान के तेल और परमाणू ठिकानों पर हमला करने से बचना चाहिए।

## ट्रम्प ने कि मोदी की तारीफ बाहर से पिता जैसे दिखते है मोदी ट्रम्प ने मिमिक्री की ।



पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव से पहले एक बार फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। पिछले दो महीने में ये दूसरी दफा है जब उन्होंने मोदी की तारीफ में कसीदे गढ़े हैं। ट्रम्प ने एक पॉडकास्ट में चर्चा के दौरान कहा कि मोदी एक टोटल किलर हैं।ट्रम्प ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत बहुत अस्थिर था। उन्होंने मोदी को अपना दोस्त और अच्छा इंसान भी कहा। ट्रम्प ने कहा कि देखने पर वो बाहर से आपको पिता जैस दिखेगें। मोदी सबसे अच्छे इंसान और प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक वेबसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा